# दो बेटियां इंडिया अंडर-17 टीम के ट्रायल्स कैंप में चयनित

उदयपुर। हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल अकादमी (जेडएफए) की खिलाड़ियों ने एक बार फिर





शहर का नाम रोशन किया है। अकादमी की फॉरवर्ड डांगी मार्डी और गोलकीपर सोनम घोष का चयन इंडिया अंडर-17 महिला नेशनल टीम के ट्रायल्स कैंप के लिए हुआ है। बेंगलुरु में आयोजित होने वाले चार दिवसीय ट्रायल्स कैंप में देशभर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगी। यह कैंप अक्टूबर 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप क्वालिफायर्स की तैयारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कैंप में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन अंतिम राष्ट्रीय टीम के लिए किया जाएगा।